कक्षा–12 सामान्य एवं साहित्यिक हिन्दी

पत्र–लेखन

पत्र दो प्रकार के होते हैं–

औपचारिक पत्र–

औपचारिक पत्र उन्हें लिखा जाता है जिनसे हमारे कोई निजी संबंध न हो।

जैसे–

- व्यवसाय से सम्बंधित पत्र
- प्रधानाचार्य को पत्र
- आवेदन पत्र
- सरकारी विभागों हेतु पत्र
- सम्पादक के नाम पत्र

अनौपचारिक पत्र–

अनौपचारिक पत्र उन्हें लिखा जाता है जिनसे हमार कोई निजी संबंध होता है।

जैसे–

- बधाई पत्र
- शुभकामना पत्र
- निमंत्रण पत्र
- सांत्वना पत्र
- सगे–सम्बंधियों एवं मित्रों को पत्र

पत्र-लेखन (औपचारिक पत्र)

(1) हिन्दी टंकणकर्त्ता हेतु आवेदन-पत्र

सेवा में,

कार्यालय मुख्य अधिकारी,
जिला परिषद्,
बाराबंकी (उ० प्र०)

महोदय,

'राष्ट्रीय दैनिक' के 1 मार्च 2023 ई० के अंक में प्रकाशित आपके विज्ञापन के सन्दर्भ में मैं हिन्दी- टंकणकर्त्ता के रिक्तस्थान हेतु अपना आवेदन आपकी सेवा में प्रस्तुत कर रहा हूँ।

मेरी शैक्षिक योग्यताएँ एवं अनुभव आदि का विवरण निम्नवत है-

क्र० सं०	परीक्षा का नाम	उत्तीर्ण वर्ष	श्रेणी
1.	हाईस्कूल	20.....	प्रथम
2.	इण्टरमीडिएट	20.....	प्रथम
3.	बी० कॉम०	20.....	द्वितीय
4.	हिन्दी टाइपिस्ट डिप्लोमा	20.....	द्वितीय

अनुभव-पिछले तीन वर्षों से मैं स्थानीय सूती मिल कार्यालय में अस्थायी रूप से टंकणकर्त्ता के रूप में कार्यरत हूँ। हिन्दी में मेरी टंकण गति 45–50 शब्द प्रति मिनट है।

आयु व स्वास्थ्य-मैं 26 वर्ष का स्वस्थ नवयुवक हूँ और कबड्डी का राज्य स्तर का खिलाड़ी भी हूँ तथा राज्यपाल से सम्मान भी प्राप्त हो चुका है।

निवेदन यह है कि आप मुझे एक बार सेवा का अवसर प्रदान करेंगे तो मैं अपने सभी वरिष्ठ अधिकारियों को सन्तुष्ट रखूँगा और कभी किसी प्रकार की शिकायत का अवसर नहीं दूँगा। पूरी निष्ठा एवं ईमानदारी से कर्त्तव्य का निर्वहन करूँगा।

अपने समस्त प्रमाण-पत्रों की सत्यापित प्रतिलिपियाँ संलग्न कर रहा हूँ।

भवदीय,
अ ब स द
30, सिविल लाइन्स, बाराबंकी

दिनांक–18–03–2023

(2) ऋण हेतु बैंक-शाखा प्रबन्धक को आवेदन-पत्र

सेवा में,

शाखा प्रबन्धक,
बैंक ऑफ इण्डिया,
रामनगर, पीलीभीत (उ० प्र०)

महोदय,

सविनय निवेदन है कि वर्ष २०२२ में सम्पन्न हुई यू० पी० सी० पी० एम० टी० की मेधावी सूची में मैंने पाँचवा स्थान प्राप्त किया है। प्रवेश हेतु सम्पन्न हुई काउंसलिंग में मुझे 'डॉ० अब्दुल कलाम इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज हैदराबाद, आवंटित हुआ है। संस्थान में प्रवेश एवं अन्य व्यय हेतु मुझे पाँच लाख रूपयों की आवश्यकता है। इस 'चिकित्सा शिक्षा' हेतु मै आपके बैंक से 'शिक्षा ऋण' के अन्तर्गत पाँच लाख रूपयों का ऋण प्राप्त करना चाहता हूँ। ऋण प्राप्त करने हेतु सभी आवश्यक प्रपत्र एवं स्थायी निवास के लिए जिलाधिकारी द्वारा निर्गत निवास प्रमाण-पत्रों की प्रमाणित प्रतिलिपियाँ ऋण-आवेदन-पत्र के साथ संलग्न हैं। अतः उचित प्रपत्रों की पूर्ति कराकर मुझे शीघ्र उक्त ऋण प्रदानकर कृतार्थ करें।

सादर धन्यवाद!

प्रार्थी,
अ ब स द
सुपुत्र- स द ग ह
रामनगर, पीलीभीत (उ० प्र०)

दिनांक-18-03-2023

(3) गन्दगी और सड़कों की समस्या के सम्बन्ध में पत्र

सेवा में,

अधिशासी अभियन्ता,
नगरपालिका, लखीमपुर (उ० प्र०)

विषय-गन्दगी और सड़कों की समस्या हेतु।

महोदय,

मैं आपका ध्यान हमारी बस्ती में व्याप्त गन्दगी और दुर्दशा की ओर आकर्षित कराना चाहता हूँ। इस नवीन बस्ती को बसे हुए आठ वर्ष हो चुके हैं, किन्तु अभी भी कुछ ऐसी सड़कें हैं, जहाँ पर ग्रामीण भारत के साक्षात् दर्शन हो जाते हैं। जो सड़के बनी हुई हैं, वे भी जगह-जगह से टूटी हुई हैं और वर्षो से उनकी मरम्मत भी नहीं हुई है। कई सड़के अभी तक कच्ची हैं।

जिन स्थानों पर नालियाँ बनाई गई हैं, वे भी जगह-जगह से टूट गई हैं। जहाँ नालियाँ हैं, वहाँ पर उनकी सफाई के लिए सफाई कर्मचारियों की नियुक्ति नहीं की गई है, परिणामतः पानी हर समय सड़ता रहता है। जिससे दुर्गन्ध एवं बीमारियाँ फैल रहीं हैं।

आपसे निवेदन है कि कृपया इस बस्ती की दुर्दशा को देखते हुए इसकी सड़कों की मरम्मत और गन्दे पानी के निकास की उचित व्यवस्था का आदेश दीजिए।

सधन्यवाद!

भवदीय,
अ ब स
सुभाष नगर, लखीमपुर
(उ० प्र०)

दिनांक-11-जनवरी-2023